**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में देश के किसानों और अन्नदाताओं की अहम भूमिका है और सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी योजनाएं सभी किसानों तक पहुंचाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उर्वरक पर बडी सब्सिडी देती है।

---

## राष्ट्रपति–शांति विधेयक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित सतत परमाणु ऊर्जा उपयोग और विकास, भारत रूपांतरण विधेयक, 2025–शांति विधेयक को स्वीकृति दे दी है। राष्ट्रपति ने कल इस विधेयक को मंजूरी दी। इस विधेयक में नागरिक परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी कानूनों को समाहित किया गया है। साथ ही इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी प्रावधान किया गया है। इस बीच राष्ट्रपति ने विकसित भारत जी राम जी बिल–2025 को भी मंजूरी दे दी है। यह एक्ट ग्रामीण परिवारों के लिए हर वित्तीय वर्ष में वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी को एक सौ 25 दिन तक बढ़ाता है।

---

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों में छोटे स्तर पर कारोबार करने वाले दुकानदारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना को विस्तारित किया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत प्रदेश के सभी शहरी स्थानीय निकायों में इस योजना को शुरू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानदारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2023 में शुरू की गई थी। वर्ष 2025–26 की बजट घोषणा के अनुरूप अब इस योजना को शहरी क्षेत्रों में विस्तारित किया गया है।

---

## कांग्रेस धरना

मनरेगा का नाम विकसित भारत– गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण करने के विरोध में हिमाचल कांग्रेस ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार गलत तरीके से योजना का नाम बदल रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और बेरोज़गार की गारंटी का मजबूत आधार रही है। विनय कुमार ने कहा कि मनरेगा में पहले केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी लेकिन अब इसे 60–40 के अनुपात में कर दिया गया है जिससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

-----------------------------------------------------------

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात विधानसभा क्षेत्र की टुंडी पंचायत में सामुदायिक पुस्तकालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं के लिए ये पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पठानिया ने कहा कि पुस्तकालय में युवाओं को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भटियात विधानसभा क्षेत्र के मंहुता, अवांह, होबार, सियुन्ता और ककीरा में भी ऐसे ही पुस्तकालय शुरू किए जा चुके हैं।

-----------------------------------------------------------

**महिला आयोग–शक्ति फैलोशिप**

राष्ट्रीय महिला आयोग ने युवा शोध फैलोशिप कार्यक्रम–शक्ति फैलोशिप की शुरुआत की है। इसमें भारत में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर शोध के लिए युवा छात्रों और शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस फैलोशिप का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, लिंग आधारित हिंसा, कानूनी अधिकार और न्याय, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, आर्थिक सशक्तिकरण और श्रम भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर व्यापक शोध को प्रोत्साहित करना है। इसके लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की उपाधि प्राप्त किए हुए 21 से 30 वर्ष के नागरिक आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के शोध अध्ययन के लिए एक लाख रुपये का शोध अनुदान दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

-----------------------------------------------------------